



## आज का मैच

**पंजाब किंग्स V/S गुजरात टाइटंस**


**समय-7.30 बजे, अहमदाबाद में**

## खास-खबर

### बांग्लादेश दौरे पर 28 अप्रैल से पांच टी20 खेलेगी भारतीय महिला टीम

**ढाका ( एजेंसी )।** भारतीय महिला टीम 28 अप्रैल से बांग्लादेश दौरे पर पांच टी20आई खेलेगी, सभी मैच सिल्ह ट में होंगे। तीन रात्रि मैच मुख्य स्टेभडियम में खेले जाएंगे जबकि दो मैच बाहरी वेन्यूग पर होंगे। रात्रि मैच शाम 6.30 बजे से शुरू होंगे जबकि दिन के मैच दो बजे से होंगे। भारतीय टीम इस सीरीज को 2024 टी20 विश्वै कप की तैयारियों के तौर पर देखेगी जो बांग्लुदेश में ही सितंबर-अक्तू=बर में होना है। यह भारत का दो सालों में दूसरा बांग्लादेश का दौरा है और कुल मिलकार तीसरा। 2023 में भारत ने वहां पर तीन टी20आई और तीन वनडे खेले थे। उन्होंहने टी20आई सीरीज 2-1 से जीती जबकि वनडे सीरीज 1-1 से टाई रही। यह दौरा थोड़ा विवादास्पद तौर पर खत्म हुआ था जब तीसरे वनडे के बाद हरमनप्रीत कौर ने अंपायरों की आलोचना की थी। कैच आउट देने के बाद हरमनप्रीत ने स्टंमप्सी पर बल्लों मारा था और अंपायरिंग को दयनीय बताया था।

### ब्रेसवेल को मिली कप्तानी, पाक के खिलाफ टी20 सीरीज के न्यूजीलैंड टीम घोषित



**ऑकलैंड ( एजेंसी )।** न्यूजीलैंड ने अपने शीर्ष खिलाड़ियों के आईपीएल में व्यस्त होने के कारण पाकिस्तान के खिलाफ इस महीने शुरू होने वाली पांच मैच की टी20 सीरीज के लिए ऑलराउंडर माइकल ब्रेसवेल को कप्तान नियुक्त किया है। यह पहला अवसर होगा जबकि 33 वर्षीय ब्रेसवेल न्यूजीलैंड की कप्तानी करेंगे। न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, मिच सेंटनर और केन विलियमसन जैसे खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं, जबकि आगे के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए टिम साउदी के नाम पर विचार नहीं किया गया। चोटिल होने के कारण ब्रेसवेल पिछले साल मार्च से बाहर थे। उन्होंने दो साल पहले ही अपना पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। उन्होंने इस प्रारूप में अभी तक केवल 16 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं।

# केकेआर की लगातार तीसरी जीत, दिल्ली को 106 रन से हराया

### नारायण ने खेली 85 रन की तूफानी पारी, डेब्यू मैच में रघुवंशी ने ठोंका अर्द्धशतक




**विशाखापटनम ( एजेंसी )।** प्लेयर ऑफ द मैच सुनील नारायण 85 रन, अंगकृष रघुवंशी की 54 रनों की तूफानी पारियों के बाद वैभव अरोड़ा-वरुण चक्रवर्ती की शानदार गेंदबाजी (3-3 विकेट) की बदौलत कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने बुधवार आईपीएल के 16वें मैच में नाइट राइडर्स ने दिल्ली कैपिटल्स को 106 रनों से हरा दिया, केकेआर ने पहले खेलने के बाद 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। जवाब में दिल्ली की टीम 17.2 ओवर में 166 रनों पर ढेर हो गई। केकेआर की यह लगातार तीसरी जीत है। इस जीत के साथ कोलकाता की टीम छह अंकों के साथ शीर्ष पर पहुंच गई है। वहीं, दिल्ली चार मैचों में तीसरी हार के साथ तालिका में नौवें स्थान पर पहुंच गई, उसके दो अंक हैं। कोलकाता को अगला मैच आठ अप्रैल को चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ चेन्नई में खेलना है। वहीं, दिल्ली की टीम अपना अगला मैच सात अप्रैल को मुंबई इंडियंस के खिलाफ वानखेड़े में खेलेगी। जवाबी पारी में दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत ने लगातार दूसरा अर्द्धशतक जमाते हुए 25 गेंदों पर 4 चौके और 5 छक्कों की मदद से 25 रन बनाए, वहीं ट्रिस्टन स्टब्स ने 34 गेंदों में 4 चौके और इतने ही छक्कों के सहारे 54 रनों की पारी खेली। इससे पूर्व कोलकता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रयेस अय्यर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी कोलकाता के लिए फिल सॉल्ट और सुनील नारायण की सलाम जोड़ी ने पहले विकेट के लिए अच्छी शुरुआत करते हुए 60 रन जोड़े। पांचवें ओवर में नॉर्टजे ने फिल सॉल्ट को 18 रन पर आउट कर कोलकाता को पहला झटका दिया। इसके बाद आईपीएल में पर्दापण कर रहे अंगकृष रघुवंशी ने सुनील नारायण के साथ दूसरे विकेट के 104 रनों की ताबड़तोड़ साझेदारी करते हुए 27 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्कों की मदद से 54 रन बनाते हुए अपना पहला अर्धशतक लगाया। वहीं सुनील नारायण ने 39 गेंदों में सात चौकों और सात छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 85 रन ठोक डाले। कप्तान श्रेयस अय्यर 11 गेंदों में 18 रन बनाकर आउट हुये। आंद्रे रसल ने 19 गेंदों में चार चौके और तीन छक्कों की सहायता से 41 रन बनाये। रिंकू सिंह ने आठ गेंदों में तीन छक्कों और एक चौके की मदद से 26 रन ठोके। रमनदीप सिंह दो रन बनाकर आउट हुये। वेंकटेश अय्यर पांच रन और मिचेल स्टार्क एक रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 272 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। खेल के दौरान दिल्ली को धीमे ओवर रेट के कारण और एक अतिरिक्त फील्डर दायरे अंदर करना पड़ा। दिल्ली कैपिटल्स की ओर से एनरिक नॉर्खिये ने तीन विकेट लिये। इशांत शर्मा ने दो विकेट लिये। खलील अहमद और मिचेल मार्श को एक-एक विकेट मिला।

#### स्कोर बोर्ड

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** सॉल्ट कै. स्टब्स बो. नॉर्खिये 18, नारायण कै. पंत बो. मार्श 85, रघुवंशी कै. इशांत बो. नॉर्खिये 54, रसल बो. इशांत 41, श्रेयस कै. स्टब्स बो. खलील 18, रिंकू कै. वॉर्नर बो. नॉर्खिये 26, वेंकटेश (नाबाद) 5, रमनदीप कै. पृथ्वी बो. इशांत 2, स्टार्क (नाबाद) 1, **अतिरिक्त** 22, **कुल** (20 ओवर में) 7 विकेट पर 272 रन। **विकेट पतन:** 1-60, 2-164, 3-176, 4-232, 5-264, 6-264, 7-266। **गेंदबाजी:** खलील 4-0-43-1, इशांत 3-0-43-2, नॉर्खिये 4-0-59-3, सलाम 3-0-47-0,सुमित 2-0-19-0, अक्षर 1-0-18-0, मार्श 3-0-37-1।

**दिल्ली कैपिटल्स:** वॉर्नर बो. स्टार्क 18, पृथ्वी शॉ कै. चक्रवर्ती बो. वैभव 10, मार्श कै. रमनदीप बो. स्टार्क 0, पोरेल कै. नारायण बो. वैभव 0, पंत कै. श्रेयस बो. चक्रवर्ती 55, स्टब्स कै. स्टार्क बो. चक्रवर्ती 54, अक्षर कै. मनीष (स्थानापन) बो. चक्रवर्ती 0 ,सुमित कै. मनीष (स्थानापन) बो. नारायण 7, सलाम कै. सॉल्ट बो. वैभव 1,नॉर्खिये कै. श्रेयस बो. रसल 4, इशांत (नाबाद )1, **अतिरिक्त** 16, **कुल** (17.2 ओवर में) 166 रन । **विकेट पतन:** 1-21, 2-26, 3-27, 4-33,5-126,6-126,7-159,8-159,9-161। **गेंदबाजी:** स्टार्क 3-0-25-2,वैभव 4-0-27-3, रसल 1.2-0-14-1, नारायण 4-0-29-1, चक्रवर्ती 4-0-33-3, वेंकटेश 1-0-28-0 ।

## पंजाब के बल्लेबाजों के सामने आज मिलेगी गुजरात के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती





**अहमदाबाद (एजेंसी)।**

मयंक यादव की तूफानी गेंदबाजी के सामने ध्वस्त हुए पंजाब के बल्लेबाजी क्रम को गुरुवार को यहां मोटेरा की धीमी पिच पर गुजरात टाइटंस के गेंदबाजों की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। पंजाब किंग्स ने विरोधी के मैदान पर अपने पिछले दो मुकाबले गंवाए हैं और टाइटंस के खिलाफ हार से उसकी राह मुश्किल हो सकती है। दूसरी तरफ टाइटंस की टीम पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद पर सात विकेट की आसान जीत के बाद आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स की टीम के पास पिछले मैच में मयंक की गति का कोई जवाब नहीं था और उसके शीर्ष क्रम के अधिकांश बल्लेबाज नियमित रूप से 150 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे इस तेज गेंदबाज का सामना करने के लिए तैयार नहीं थे। मयंक बल्लेबाजों के शरीर को लक्ष्य बनाकर गेंदबाजी कर रहे हैं जिससे उन्हें काफी परेशानी हो रही है। अनुभवी तेज गेंदबाज मोहित शर्मा के सामने पंजाब किंग्स को अलग तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। मोहित नकल बॉल, धीमे बाउंसर और वाइड यार्कर का काफी अच्छी इस्तेमाल करते हैं और इस साल आईपीएल में मयंक के अलावा ऐसे तेज गेंदबाज अधिक सफल रहे हैं जो अच्छी धीमी गेंदबाजी करने में सक्षम हैं। इससे शिखर धवन, जॉनी बेयरस्टो और जितेश शर्मा जैसे बल्लेबाजों को अलग तरह की चुनौती का सामना करना होगा जिन्हें गेंद का बल्ले पर आना पसंद है। पिछले मैच में पैर की मांसपेशियों में हल्की चोट के बाद अगर लियाम लिविंगस्टोन अनुपलब्ध रहते हैं तो पंजाब की मुसीबत और बढ़ जाएगी। पंजाब को इसके अलावा राशिद खान और नूर अहमद की फिरकी का भी सामना करना होगा। टाइटंस की टीम में शामिल अफगानिस्तान के तीसरे खिलाड़ी अजमतुल्लाह ओमरजई अपने ऑलराउंड कौशल से पंजाब किंग्स की मुश्किलें बढ़ा सकते हैं। पंजाब की बल्लेबाजी से अधिक चिंता का विषय उसकी गेंदबाजी है, विशेषकर डेथ ओवरों में। दस लाख डॉलर से अधिक की कीमत पर टीम से जुड़ने वाले खिलाड़ियों में से एक हर्षल पटेल ने मौजूदा सत्र में अब तक निराश करते हुए 11.41 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं। उन्होंने अब तक सभी तीन मैच में अपने कोटे के चार ओवर पूरे किए हैं। राहुल चाहर ने भी काफी निराश करते हुए 11.37 की इकोनॉमी रेट से रन दिए हैं और वह तो अपने कोटे के ओवर भी पूरे नहीं कर पाए। भारत के डेथ ओवरों के यॉर्कर विशेषज्ञ अर्शदीप सिंह भी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं जिसने पंजाब की मुश्किलों को बढ़ा दिया है। टाइटंस ने गत चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अपनी योजनाओं को काफी अच्छी तरह से क्रियांवित करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। बल्लेबाज अब तक एकजुट प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं लेकिन गेंदबाजी इकाई ने शुरुआती मैच में स्कोर का बचाव किया और पिछले मैच में सनराइजर्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोककर अपना कौशल दिखाया।

सीएसके को लगा बड़ा झटका...

# बांग्लादेश लौटे मुस्तफिजुर, सनराइजर्स के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे



**हैदराबाद ( एजेंसी )।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के स्टार तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान आईपीएल 2024 को बीच में छोड़कर ही अपने देश वापिस लौट गए हैं। ताजा रिपोर्ट्स के मुताबिक वह वीजा संबंधी समस्याओं के चलते स्वदेश लौटे हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज ने अभी तक टूर्नामेंट में सबसे यादा विकेट झटके हैं और पर्पल कैप पर भी कब्जा किया है। चेन्नई सुपर किंग्स का अभी तक का आईपीएल अभियान कमाल का रहा है। अभी तक उन्होंने 3 में से 2 मैचों में जीत दर्ज की है। इसी के साथ टूर्नामेंट में सबसे ज्यादा 7 विकेट चटकाने वाले तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान भी उन्हीं की टीम में शामिल हैं। लेकिन फिलहाल बुरी खबर ये है कि रहमान वापिस बांग्लादेश लौट गए हैं। वह आगामी सीएसके बनाम हैदराबाद मुकाबले में शामिल नहीं हो सकेंगे। द डेली स्टार की रिपोर्ट के अनुसार आगामी वर्ल्ड कप के लिए यूएसए के वीजा संबंधी समस्याओं के चलते मुस्तफिजुर मंगलवार को अपने देश वापिस लौट गए। ऐसे में मुख्य तेज गेंदबाज के वापिस लौटने से सीएसके को परेशानी हो सकती है। हालांकि, एसआरएच मैच से चूकने के बावजूद, मुस्तफिजुर के अगले सप्ताह भारत लौटने की उम्मीद है। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के सूत्रों के मुताबिक 8 अप्रैल को केकेआर के खिलाफ होने वाले मैच तक वह वापिस टीम से जुड़ सकते हैं। मुस्तफिजुर की अनुपस्थिति में कि श्रीलंका के मिस्ट्री स्पिनर महीश थीक्षणा को हैदराबाद के खिलाफ खिला सकती है। इंग्लैंड के ऑफ स्पिनर मोईन अली का भी उनके पास एक विकल्पी है। इस खबर के बाद मुस्तफिजुर और मथीशा पथिराना की मजबूत जोड़ी टूट गई है जो टी-20 क्रिकेट में डेथ ओवरों में भी गेंदबाजी करते हैं। सीएसके के गेंदबाजी सलाहकार एरिक सिमंस ने कहा कि आपके लाइन-अप में सभी तरह के विकल्प होना बहुत महत्वपूर्ण है। यह आपकी टीम को संतुलन देती है। आप यह समायोजन कर सकते हैं। अगर आप ये समायोजन नहीं कर सकते तो आपके पास जो है आप उसका इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं।

## लखनऊ के चोटिल तेज गेंदबाज मावी आईपीएल से हुए बाहर



**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज शिवम मावी इंडियन प्रीमियर लीग 2024 से बाहर हो गए हैं। शिवम मावी चोट के चलते आईपीएल के 17वें सीजन से बाहर हो गए हैं। उन्होंने इस सीजन में एक भी मैच नहीं खेला है। शिवम मावी आईपीएल 2024 के लिए लखनऊ सुपर जायंट्स का हिस्सा बने थे। लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ जीत दर्ज की। शिवम मावी को लेकर लखनऊ सुपर जायंट्स ने आधिकारिक बयान में कहा कि, दुर्भाग्य से चोट के चलते शिवम मावी आईपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। दिसंबर में इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने ऑक्शन के दौरान हमें वाइन किया था और सीजन के आगाज से पहले प्री-सीजन कैंप का हिस्सा भी बना था। शिवम मावी हमारी स्क्वॉड का अहम हिस्सा थे, इसलिए शिवम के साथ-साथ हम भी दुखी हैं कि उनके लिए ये सीजन काफी जल्द खत्म हो गया। हम उम्मीद करते हैं कि वह जल्द बेहतर हो कर लौटे। वहीं, फ्रैंचाइजी द्वारा इंस्टांग्राम वीडियो पोस्टा में मावी ने चोट कहां लगी है बिना बताए बताया कि मैं टूर्नामेंट को बहुत याद करूंगा। मैं यहां पर चोट के बाद आया था और सोचा था कि अपनी टीम के लिए मैच खेलूंगा और अच्छा करूंगा। लेकिन दुर्भाग्य से चोटिल होने की वजह से मुझे टूर्नामेंट छोड़ना होगा। क्रिकेटर को इसके लिए मानसिक तौर पर मजबूत होना पड़ता है।

# हार्दिक को कप्तानी सौंपते समय स्पष्ट संवाद होना चाहिए था: शास्त्री



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारतीय टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री का मानना है कि अगर हार्दिक पंड्या को कप्तान नियुक्त करते समय मुंबई इंडियंस ने संवाद में स्पष्टता दिखाई होती तो इस ऑलराउंडर के प्रति प्रशंसकों की कड़ी प्रतिक्रिया से बचा जा सकता था। शास्त्री ने इसके साथ ही हार्दिक को शांत बने रहने और अपने प्रदर्शन से जवाब देने की सलाह भी दी। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में कहा कि यह भारतीय क्रिकेट टीम नहीं है जो खेल रही है। यह फ्रेंचाइजी क्रिकेट है। उन्होंने मोटी धनराशि खर्च की है। वह मालिक हैं और कप्तान नियुक्त करना उनका अधिकार है। मेरा मानना है कि इस मामले को संवाद में स्पष्टता के साथ बेहतर तरीके से निपटा जा सकता था। शास्त्री ने कहा कि अगर आप चाहते थे की हार्दिक पंड्या कप्तान बने तो यह कह सकते थे कि हम भविष्य को ध्यान में रखकर ऐसा कर रहे हैं। रोहित शर्मा ने बेहतरीन भूमिका निभाई है और हम सभी इस बात को जानते हैं। हम चाहते हैं कि टीम को आगे बढ़ाने के लिए वह अगले तीन वर्ष तक हार्दिक की मदद करें। मुंबई इंडियंस ने वर्तमान सत्र से पहले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक को कप्तान नियुक्त किया था। उनकी कप्तानी में टीम पहले तीन मैच में जीत नहीं दर्ज कर पाई। शास्त्री ने कहा कि हार्दिक को मेरी सलाह होगी कि शांत रहें, धैर्य रखें, नजरअंदाज करें और सिर्फ अपने खेल पर ध्यान केंद्रित करें। मुंबई इंडियंस की टीम शानदार है और अगर वह लय हासिल कर लेते हैं तो लगातार तीन या चार मैच जीत सकते हैं और फिर यह मसला दब जाएगा। मुंबई इंडियंस को अपना अगला मैच सात अप्रैल को वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलना है।

## मोनिका, निकहत और श्रीशंकर सहित कई खिलाड़ियों को मिलेगी वित्तीय सहायता



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मुक्केबाज निकहत जरीन, लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर, टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और शॉटगन निशानेबाज भवानीश मेंदीरता सहित कई शीर्ष खिलाड़ियों के विदेश में अभ्यास करने के लिए वित्तीय सहायता के आग्रह को खेल मंत्रालय ने बुधवार को बैठक में मंजूरी दी। मुक्केबाज निकहत, प्रीति पवार, प्रवीण हुडा और लवलीना बोर्गोहेन अपने कोच और फिजियो के साथ विशेष अभ्यास शिविर के लिए तुर्की की यात्रा करेंगे। पहलवान सुजीत (65 किग्रा), दीपक पूनिया (86 किग्रा) और नवीन (74 किग्रा) अप्रैल में एशियाई ओलंपिक क्वालीफिकेशन टूर्नामेंट से पहले अभ्यास के लिए रूस जाएंगे।

### एक्रोबेट एक्वेटिक फेस्ट का आयोजन 7 को पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर में

**भोपाल ( खेप्र )।** एक्रोबेट स्पोर्ट्स क्लब, भोपाल तैराकी संघ के तत्वाधान में पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर में 7 अप्रैल को तैराकी प्रतियोगिता एक्रोबेट एक्वेटिक फेस्ट 2024 का आयोजन विभिन्न आयु वर्ग के बालक बालिकाओं हेतु किया जा रहा है। ग्रुप-1, 2, 3, 4 सीनियर्स, मास्टर्स आयु वर्ग में (बालक/बालिका) प्रतियोगिता 7 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से आयोजित की जाएगी। तैराकी प्रतियोगिता के साथ साथ तैराकी के नए प्रारूप फिनस्विमिंग की प्रतियोगिता भी आयोजित की जावेगी ओपन आयु वर्ग में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रबंधक पुरषोत्तम गौर तरण पुष्कर से संपर्क कर सकते है। 6 अप्रैल तक एंट्री फॉर्म जमा कर सकते हैं।

# दूसरे टेस्ट में श्रीलंका ने बांग्लादेश को 192 रनों से हराया



**चटगांव( एजेंसी )।** श्रीलंका के गेंदबाज लाहिरू कुमारा के चार विकेट और कामिंडु मेंडिस के तीन विकेटों की बदौलत दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 192 रनों से करारी हरा दी।जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में टेस्ट मैच के पांचवें एवं आखिरी दिन बंगलादेश ने सात विकेट पर 268 रनों के स्कोर से आगे खेलना शुरु किया और 50 रन जोड़कर मेजबान टीम ने अपने आखिरी तीन विकेट गवां दिये। कामिंडु मेंडिस ने तैजुल इस्लाम 14 रन को आउट कर बांग्लादेश को आठवां झटका दिया। उसके लाहिरू ने हसन महमूद छह रन और खालिद अहमद दो को आउट कर बांग्लादेश की पारी को 318 रन पर समेट दिया। मेहदी हसन मिराज ने बांग्लादेश के लिये दूसरे पारी में सबसे अधिक नाबाद 81 रनों की पारी खेली।

**श्रीलंका की जीत से टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव:** श्रीलंका ने बांग्लादेश के खिलाफ 2-0 से जीत हासिल कर वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में बड़ा बदलाव किया। इससे पाकिस्तान को तगड़ा नुकसान हुआ है, जबकि भारत अभी भी टॉप पर काबिज है। श्रीलंका ने दूसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन 192 रन से जीत लिया। इससे पहले टीम ने पहला मुकाबला 328 रन से जीता था। श्रीलंका इस जीत के साथ वर्ल्ड टेस्ट चैंपियशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।